# New Adarsh Sr. Sec. Public School

(Affiliated to CBSE Delhi)
Teela Shavajpur, Loni, Ghaziabad - 201102 (U.P.)

प्रिय अभिभावक एवं बच्चो यह तो आप को पता है कोविड–19 के चलते पूरा भारत आज बंद है सार्वजनिक सेवा मे चलने वाली ट्रेन बस हवाई यात्रा भी प्रतिबंधित है इस बात से आप इस बीमारी की गंभीरता का अंदाजा लगा सकते है ना खाली अपने देश मे अपितु पूरे विश्व मे लगभग यही हाल है इटली, स्पेन, ईरान, चीन व अमेरिका जैसे देशो मे संक्रमित व्यक्तियो की संख्या चार लाख पहुंच चुकी है वे लगभग इन्ही देशो मे मुत्यु का आंकडा भी 20000 पार कर चुका है सभी बडे बच्चो को इतिहास व विज्ञान पढते है उनको पता है यह कितने विकसित देश है और स्वास्थ्य सेवाओ मे हम से कितना आगे है हमारे देश की आबादी लगभग 130 करोड है अगर यहां पर संक्रमण तेजी से फैला तो हमारे देश का विश्व मे सबसे बुरा हाल हो जाएगा प्रिय बच्चो इस बीमारी का आपके पास ही इलाज है और वह यह है कि घर पर रहे और केवल घर पर ही रहे अपने परिवार के सदस्यो को भी जागरुक करे केवल जरुरी सामान के लिए घर से बाहर निकले। बच्चो आदरणीय प्रधानमंत्री जी को आज आपके साथ की बहुत जरुरत है मुझे पता है कि घर पर 21 दिन रहना बहुत कठिन काम है परंतु मै जानता हूँ आपको जीवन मे बहुत आगे जाना है बहुत तरक्की करनी है इसके लिए आपको घर से बाहर भी जाना पडेगा अतः आप इन दिनो मे घर मे बहुत सी चीज अपने परिवार के साथ सीख सकते है इसमे सबसे प्रमुख है खाना बनाना, घर की साफ सफाई रखना जब बडे होकर पढने के लिए घर से बाहर किसी दूसरे प्रदेश दूसरे देश मे जाएंगे तो यह आपके बहुत काम आएगी फिर से इसी आशा के साथ सुरक्षित रहिए घर पर रहिए और समय–समय पर सरकार द्वारा दिए गए निर्देशो का पूर्ण रुप से पालन करे आपका अनिल कुमार शर्मा प्रबंधक न्यू आदर्श पब्लिक स्कूल, टीला शहबाजपुर, लोनी, गाजियाबाद।